## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले के प्राचीर पर ध्वजारोहण किया। लाल किले पर पहली बार 'वंदे मातरम' का गायन।
2. पूरे देश के साथ–साथ द्वीपसमूह में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।
3. अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज–2026' को लेकर जागरूकता एवं ओरिएंटेशन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।
4. नयागांव स्थित मत्स्य बीज फार्म द्वारा मत्स्य बीजों का वितरण वंडूर, ग्राम पंचायत कार्यालय में किया जाएगा।

<><><><><><>

देश आज 80वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्र को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर दिलों की धड़कन वंदे मातरम के गायन से गूंज रही है। हर घर तिरंगा है, मन तिरंगा है और देश उत्साह तथा उमंग के साथ नए संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। लाल किले पर आज पहली बार पूरे राष्ट्रगीत वंदेमातरम का गायन हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज उन महान सपूतों का स्मरण कर रहा है जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से देश को स्वतंत्र कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें अपने कार्य संस्कृति, सोच और काम की गति को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि युवा हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 के ओलंपिक खेल का जिक्र करते हुए कहा ..

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा देश के कोने–कोने से प्रतिभाएं ढूंढने के लिए टेलेंट–हंट अभियान चलाया जाएगा और उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर अच्छा खिलाड़ी बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेले, वो खिले मंत्र के तहत भारत खेलों की दुनिया में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। श्री मोदी ने कहा कि मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए सरकार फ्री ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था कर रही है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से नशा मुक्त भारत का 100 सप्ताह के अभियान से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में बहनों और बेटियों का योगदान सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। बेटियां अब हर क्षेत्र में सबसे आगे दिख रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण विधेयक पारित करने में सहयोग की अपील की।

<><><><><><>

80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे देश के साथ–साथ अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में भी हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद पुलिस, नौसेना और सेना के बैंड की धुनों के बीच राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। उपराज्यपाल ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चयनित व्यक्तियों को उपराज्यपाल के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में द्वीप समूह में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा आइलैंड डेवलपमेन्ट एजेंसी परियोजना के तहत डेढ़ लाख करोड से अधिक का निवेश महात्वकांक्षी परियोजनाओं में हुआ है। ग्रेट निकोबार परियोजना के तहत नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट, इंटरनेशनल ट्रांशिपमेंट टर्मिनल, पावर प्लान्ट और टाउनशिप की स्थापना प्रस्तावित है। एयर कनेक्टीविटी को सुदृढ

करने के लिए उड़ान के तहत श्री विजयपुरम स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉग आइलैंड के बीच सी प्लेन सेवाओं के लिए पिछले साल लेटर ऑफ इंडेन्ट दे दिया गया है।

<><><><><><>

उन्होंने कहा कैम्पबेल बे के यात्री टर्मिनल का निर्माण भी अंतिम चरण में है। द्वीपों में पर्यटकों की संख्या के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में आठ लाख से ज्यादा पर्यटकों का द्वीपों में आगमन हुआ, जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉड है। इस वर्ष दो और तीन मई को राधानगर बीच पर समुद्र के नीचे 2400 वर्ग मीटर का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज तथा 22.3 मीटर ऊचाँ मानव पिरामिड बनाकर दो स्कूबा डाइविंग गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किए जाने की बात भी कहीं। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान की जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इससे पहले उपराज्यपाल ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल पहुंचकर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। द्वीपसमूह के तीनों जिलों में भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर द्वीपों के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज–2026' को लेकर जागरूकता एवं ओरिएंटेशन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल DBRAIT और ITI, डॉलीगंज में छात्रों को राष्ट्रीय पहल की जानकारी दी गई। कार्यशाला में छात्रों को द्वीपों की संस्कृति, विरासत, पर्यटन और विशिष्ट उपलब्धियों पर डिजिटल सामग्री तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंडमान–निकोबार पायलट चरण के लिए चयनित छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी 1 से 3 मिनट की मौलिक डिजिटल सामग्री MyWAVES के माध्यम से 31 अगस्त तक जमा कर सकते हैं। प्रशासन ने छात्रों, युवाओं, व्लॉगर्स, फोटोग्राफरों और अन्य रचनात्मक प्रतिभाओं से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है।

<><><><><><>

नयागांव स्थित, मीठे पानी के मत्स्य बीज फार्म द्वारा भारतीय प्रमुख कार्प के मत्स्य बीजों का वितरण 18 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय, वंडूर में किया जाएगा। इच्छुक मत्स्य पालक निर्धारित समय पर पहुँचकर बीज प्राप्त कर सकते हैं। फ्राई आकार के मत्स्य बीजों के प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रूपये है, जिसका भुगतान मौके पर किया जा सकता है।

<><><><><><>

'हर घर तिरंगा 2026' अभियान के तहत उत्तर एवं मध्य अंडमान पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा बाइक रैली और वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इस उद्देश्य लोगों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। पुलिस ने नागरिकों से राष्ट्रीय ध्वज को गर्व के साथ फहराकर अभियान में भाग लेने की अपील की।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए द्वीपों में संचालित लेड–एसिड बैटरी रिसाइक्लरों की जानकारी आम जनता से मांगी है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित जानकारी 20 अगस्त तक सदस्य सचिव, ANPCC, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, डॉलीगंज को दे सकते हैं। जानकारी ई–मेल dstpcc-andamans@and.nic.in पर भी भेजी जा सकती है।

<><><><><><>